

02

अब दूसरी संतान लड़का होने पर भी कामगार महिला को मिलेंगे पांच हजार रूपए : नेहा सिंह

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 20 अप्रैल 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, अमांत-चैत्र, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, मूल्य, 2.00 रुपए


# प्रतियोगिता में मिलने वाली जीत खिलाड़ी के मन-मस्तिक को बनाती है सकारात्मक : डा. केके गुप्ता

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त करने पर कॉलेज में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उक्त प्रतियोगिता सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उडान 1.0 (17-18 अप्रैल) में आयोजित की गईथी। जिसमें अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्पधाओं में बाजी मारी। प्रतियोगिता में आएं परिणाम के अनुसार, छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




जीत कर कॉलेज में पहुंचने पर विद्यार्थियों को स्वागत करते हुए । आज समाज

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा सुजाता बीए द्वितीय वर्ष ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शीर्षक ह्यसदन के मत में सोशल मीडिया एक वरदान हैह्न के पक्ष में राष्ट्रीय भाषा हिंदी में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2100 रूपए का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं छात्रा हिमिका ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1800रू का नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने छात्राओं की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मन-मस्तिष्क में राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय निर्माण के प्रति सकारात्मक समझ व दृष्टिकोण विकसित करती हैं। डॉक्टर यशिका यादव, फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद में विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक व इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी के कुशलमार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. मनोज शुक्ल, डॉ. नरेश कामरा,डॉ. राम चन्द्र , डॉ. डिम्पल व मिस्टर सुभाष ने छात्राओं को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।